# परीक्षा विभाग

# शासकीय होलकर (आदर्श, स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.)

क्रमांक/ 866 /परीक्षा/2025 दिनांक : 19.02.2025

## आवश्यक सूचना

सत्र 2024–25 अन्तर्गत महाविद्यालय में आयोजित **बी.एस-सी. पंचम सेमेस्टर मुख्य/एटीकेटी परीक्षा, बी.एस-सी. प्रथम/तृतीय सेमेस्टर एटीकेटी परीक्षा, बीसीए पंचम सेमेस्टर एटीकेटी परीक्षा, बीसीए तृतीय/पंचम सेमेस्टर एटीकेटी परीक्षा (ओल्ड कोर्स), पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर मुख्य/एटीकेटी परीक्षा, दिसम्बर 2024 – जनवरी 2025** के परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुके हैं। विद्यार्थी अपने परीक्षा परिणाम का अवलोकन महाविद्यालय की वेबसाइट **www.collegeholkar.org** में स्वयं की **Profile** पर जाकर कर सकते हैं। यदि किसी परीक्षार्थी के परीक्षा परिणाम, नामांकन क्रमांक, अनुक्रमांक, स्वयं के नाम, सरनेम, पिता के नाम, माता के नाम आदि में कोई त्रुटि हो तो वह तत्काल सादे कागज पर लिखित आवेदन त्रुटियों का उल्लेख करते हुए परीक्षा विभाग की छात्रशाखा में जमा करें ताकि उन त्रुटियों का निराकरण तत्काल निःशुल्क किया जा सकें।

वे विद्यार्थी जो अपनी **उत्तरपुस्तिकाओं का अवलोकन** करना चाहते हैं वे उत्तरपुस्तिका अवलोकन शुल्क 200/– रूपये (प्रति उत्तरपुस्तिका) **Paytm** के माध्यम से जमा करें। उत्तरपुस्तिका अवलोकन आवेदन पत्र पूर्णतः भरकर, जमा किये गये शुल्क की रसीद एवं अंकसूची की छायाप्रति के साथ **दिनांक 26.02.2025 तक परीक्षा विभाग की छात्रशाखा में** अनिवार्य रूप से जमा करें। छात्रशाखा में उत्तरपुस्तिका अवलोकन आवेदन पत्र जमा नहीं करने की स्थिति में उत्तरपुस्तिका का अवलोकन नहीं कराया जा सकेगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी विद्यार्थी से आवेदन पत्र लेना संभव नहीं होगा।

वे विद्यार्थी जो अपनी **उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन** करवाना चाहते हैं वे **केवल दो प्रश्नपत्रों** में ही पुनर्मूल्यांकन करवा सकते हैं। ऐसे विद्यार्थी पुनर्मूल्यांकन शुल्क 500/– रूपये (प्रति उत्तरपुस्तिका) **Paytm** के माध्यम से जमा करें। पुनर्मूल्यांकन आवेदन पत्र पूर्णतः भरकर, जमा किये गये शुल्क की रसीद एवं अंकसूची की छायाप्रति के साथ **दिनांक 05.03.2025 तक परीक्षा विभाग की छात्रशाखा में** अनिवार्य रूप से जमा करें। छात्रशाखा में पुनर्मूल्यांकन आवेदन पत्र जमा नहीं करने की स्थिति में पुनर्मूल्यांकन नहीं कराया जा सकेगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी विद्यार्थी से आवेदन पत्र लेना संभव नहीं होगा।

**नोटः–**

1. **विद्यार्थी जिस प्रश्नपत्र की उत्तरपुस्तिका का अवलोकन अथवा पुनर्मूल्यांकन करना/करवाना चाहता है उस प्रश्नपत्र का पूर्ण शीर्षक अंकसूची अनुसार अनिवार्य रूप से अंकित करें।**
2. **आधार पाठ्यक्रम से संबंधित उत्तरपुस्तिकाओं का अवलोकन नहीं किया जावेगा।**
3. **आवेदन फार्म के साथ में Net से Downloaded परीक्षा परिणाम की स्वयं प्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करें।**
4. **विद्यार्थियों को उत्तरपुस्तिकाएँ दिखाए जाने संबंधी समय एवं दिनांक की जानकारी प्राप्त करने हेतु महाविद्यालय की वेबसाइट का प्रतिदिन अवलोकन करते रहें। यह जानकारी फोन अथवा एसएमएस के माध्यम से व्यक्तिशः नहीं दी जावेगी।**
5. **उत्तरपुस्तिका अवलोकन एवं उत्तरपुस्तिका पुनर्मूल्यांकन का आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ परीक्षा विभाग की छात्रशाखा में जमा करने पर ही आवेदन पत्र पर कार्यवाही की जावेगी।**

**परीक्षा नियंत्रक** **प्रशासनिक अधिकारी** **प्राचार्य**